**प्रेस नोट** **14.11.2023**

**दिनांक 07.11.2023 को थाना चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत अब्दोपुर में युवक की गोली मार कर हत्या मामलें में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के कम में आज दिनांक 14.11.2023 को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान परदेशी मोड़ सुल्तानीपुर के पास से दिनांक 07.11.2023 को थाना चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत अब्दोपुर में युवक की गोली मार कर हत्या मामलें में पंजीकृत मु0अ0सं0 148/23 धारा 302,120बी,34 भादवि0 में वांछित/प्रकाश में आये अभियुक्तगण अवधेश यादव पुत्र सुरेश यादव, साधु यादव पुत्र चद्रीका यादव निवासीगण बस्तीचक, आकाश यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी राजापुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आज दिनांक 14.11.2023 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय द्वारा नगर क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक में लगे सुरक्षा व्यवस्थापन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा बैक के अन्दर तथा बाहर लगे सीटीटीवी कैमरों को सही दिशा में लगाने जिससे की ज्यादा से ज्यादा एरिया कवर हो सके तथा रियल टाइम रिकार्डिंग के लिए बैंक के प्रबन्धक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ बैंक कर्मचारियों के टेबल के पास लगे इमरजेन्सी सायरन बटन का हमेश ठीक रखने हेतु निर्देशित किया गया। बैंक चेकिंग में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर बैंक के बाहर और अन्दर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन आदि को व्यापक रूप से चेक करने के तरिके बताये गये। कैश वैन की चेकिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वैन के इन्चार्ज को बताया गया कि वैन के प्रयोग करने से पहले यह सुनिश्चित कर ले कि वाहन में लगा सीसीटीवी कैमरा सही ढंग से काम कर रहा है कि नही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, सर्किल के तीनों थाना प्रभारी मय पुलिस बल बल मौजूद रहें।